हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
18 सितंबर 2026, बरेली

**PAGE NO. 2: MIDDLE**



श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में की गई पूजा-अर्चना।

# एसआरएमएस संस्थानों में मशीनों का पूजन

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे चेयरमैन देव मूर्ति ने पूजा का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डॉ. अनुज कुमार, उप प्राचार्य डॉ. ऋतु सिंह, निदेशक फार्मेसी डॉ. अमित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. सौरभ गुप्ता और मुख्य प्रॉक्टर ई. विवेक यादव समेत विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे। वहीं, श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में निदेशक आदित्य मूर्ति ने हवन-पूजन कर मशीनों और उपकरणों की पूजा की।